# द सरस कलेक्शन

## प्रीलिम्स के लिये:

द सरस कलेक्शन, दीनदयाल अंत्योदय योजना- राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस

## मेन्स के लिये:

ग्रामीण स्व-सहायता समूहों के उत्पाद को बढ़ावा देने हेतु सरकार द्वारा किये गए प्रयास

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में ग्रामीण विकास मंत्रालय (Ministry of Rural Development) ने 'गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस' (Government e Marketplace- GeM) पोर्टल पर 'द सरस कलेक्शन' (The Saras Collection) डैशबोर्ड की शुरुआत की है।

## प्रमुख बिंदु:

- गौरतलब है कि 'द सरस कलेक्शन' डैशबोर्ड पर ग्रामीण स्व-सहायता समूहों द्वारा निर्मित दैनिक उपयोग की वस्तुओं को प्रदर्शित किया जाएगा।
- 'द सरस कलेक्शन' का उद्देश्य ग्रामीण स्व-सहायता समूहों (Self-help Groups SHGs) के लिये बाज़ार उपलब्ध कराना है।
- पहले चरण में 11 राज्यों के 913 SHG विक्रेताओं को पंजीकृत कर उनके 442 उत्पादों को पोर्टल पर अपलोड किया गया है।
- उल्लेखनीय है कि GeM ने दीनदयाल अंत्योदय योजना- राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन [Deendayal Antyodaya Yojana- National Rural Livelihoods Mission (DAY-NRLM)] के साथ मिलकर एपीआई (Application Program Interface-API) आधारित एक एकीकरण तंत्र विकसित किया है।
- इस एकीकरण तंत्र की मदद से अल्पवधि में ही अत्यधिक SHG को पंजीकृत किया जा सकेगा।
- 'द सरस कलेक्शन' को सबसे पहले बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, कर्नाटक, केरल, हिमाचल प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल राज्यों में शुरू किया गया है।
- SHG को अपने उत्पाद सरकारी खरीदारों को बेचने में सक्षम बनाने हेतु सभी राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में व्यापक तौर पर इस पहल को बढ़ावा दिया जाएगा।

## 'द सरस कलेक्शन' की विशेषताएँ:

- 'द सरस कलेक्शन' के तहत SHG विक्रेता अपने उत्पादों को निम्नलिखित पाँच श्रेणियों में सूचीबद्ध करने में सक्षम होंगे:
  - हस्तशिल्प
  - हथकरघा और वस्त्र
  - कार्यालयों में उपयोग हेतु वस्तुएँ
  - किराने का सामान और पैंट्री
  - व्यक्तिगत देखभाल और साफ-सफाई हेतु उत्पाद
- 'द सरस कलेक्शन' हेतु राष्ट्रीय, राज्य, ज़िला और ब्लॉक स्तर पर पदाधिकारियों के लिये GeM द्वारा डैशबोर्ड प्रदान किया जाएगा।
- इस डैशबोर्ड की मदद से पदाधिकारी वास्तविक समय में SHG द्वारा अपलोड किये गए उत्पाद और बेचे गए उत्पाद से संबंधित संख्या के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकेंगे।

## उत्पादों को अपलोड करने हेतु SHGs की सहायता:

- GeM स्व-सहायता समूहों और SRLM के कर्मचारियों के लिये मातृभाषा में ऑनलाइन शिक्षण संसाधनों का विकास करेगा।
- GeM स्व-सहायता समूहों और अधिकारियों के लिये ऑनलाइन वेबिनार आयोजित करेगा साथ ही वीडियो, ई-पुस्तक, मैनुअल और प्रायः पूछे जाने वाले प्रश्नों के भंडार का विकास करेगा।

## 'गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस'

## (Government e Marketplace-GeM):

- गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस एक ऑनलाइन मार्केट प्लेटफॉर्म है जिसकी शुरुआत वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय (Ministry of Commerce and Industry) के तहत वर्ष 2016 में की गई थी। इस प्लेटफॉर्म पर सामान्य वस्तुओं और सेवाओं की खरीद की जा सकती है।
- इसे नेशनल ई-गवर्नेंस डिवीज़न (इलेक्ट्रॉनिक और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय) के तकनीकी समर्थन के साथ आपूर्ति एवं निपटान निदेशालय (वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय) द्वारा विकसित किया गया है।
- GeM पूरी तरह से पेपरलेस, कैशलेस और ई-मार्केट प्लेस है जो न्यूनतम मानव इंटरफेस के साथ सामान्य उपयोग की वस्तुओं और सेवाओं की खरीद को सक्षम बनाता है।

## स्रोत: पीआईबी

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/the-saras-collection